कब आओगे मदन गोपाल मीरा तो देखे बाट खड़ी

कब आओगे मदन गोपाल मीरा तो देखे बाट खड़ी,
मेरी सुनियो अर्ज नंदलाल मीरा तो देखे बाट खड़ी,

दर्श दीवानी मीरा डोले हाथ में ले इक तारा,
अब तो आन दिखाओ गिरधर मुखड़ा प्यारा प्यारा,
किरपा करियो मुझपे जी किरपाल,
मीरा तो देखे बाट खड़ी,

तेरा नाम पुकारू मुख से सास लगाये ताला,
राणा जी ने चिड कर मुझसे भेजा विष का प्याला,
सारी दुनिया करे है सवाल
करे है बाते बड़ी बड़ी
कद आओ गे गोपाल मीरा तो देखे बाट खड़ी,

हर पल तेरी आस लगाऊ धरु तुम्हारा ध्यान,
सारे लोग वनवारी बोले मेरी बंद जुबान
दीजियो आ आके भ्रम निकाल जो इनके पाँव पड़ी ,
कद आओ गे गोपाल मीरा तो देखे बाट खड़ी,

सुन सुन ताने इस दुनिया के मैं होगी बेचैन,
याद तुम्ही कर के स्वामी मेरे रोये नैन
मेरा मनवा करे है मलाल लगी है असुवन की झड़ी,
कद आओ गे गोपाल मीरा तो देखे बाट खड़ी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17278/title/kd-aaoge-madan-gopal-meera-to-dekhe-baat-khadi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |